# दो दिवसीय नगर गौरव दिवस पर 24 से होंगे विभिन्न कार्यक्रम

## उद्घाटन करेंगी राज्यमंत्री, समापन में आएंगे डिप्टी सीएम, प्रेस कॉन्फ्रेंस में महापौर योगेश ताम्रकार ने दी आयोजन की जानकारी

नवभारत न्यूज

**सतना 17 जनवरी, अपने स्थापना दिवस के मौके पर नगर निगम सतना दो दिवसीय गौरव दिवस का आयोजन करने जा रही है। इस दो दिवसीय आयोजन में पहले दिन 24 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी होंगी जबकि समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल होंगे।**

यह जानकारी स्थानीय व्यंकटेश लोक में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान महापौर योगेश ताम्रकार ने दी। इस दौरान अधीक्षण यंत्री एसके सिंह, उपायुक्त सत्यम मिश्रा एवं कार्यपालन यंत्री आरपी सिंह मंचासीन रहे।

**प्लॉग रन से होगी गौरव दिवस की शुरुआत -** महापौर योगेश ताम्रकार ने बताया कि नगर निगम सतना के गौरव दिवस की शुरुआत 24 जनवरी को प्लाग रन से होगी। इसी दिन व्यंकटेश लोक में स्कूली छात्रों की पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। व्यंकटेश लोक में ही पतंगबाजी के बाद शहर की महिलाओं द्वारा बघेली व्यंजनों पर आधारित व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन होगा जबकि



सायंकालीन कार्यक्रम में स्थानीय गायकों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। पहले दिन का सबसे आकर्षक कार्यक्रम विख्यात विचारक और चिंतक बाबा सत्य नारायण मौर्य का होगा। लगभग 8 साल बाद श्री मौर्य का सतना में कार्यक्रम होगा। 2018 में बाबा सत्य नारायण मौर्य ने कंकर-कंकर शंकर की प्रस्तुति दी थी।

**अंतिम दिन खेल प्रतियोगिता से शुरूआत, संगीत संध्या से समापन-** महापौर योगेश ताम्रकार ने नगर निगम के स्थापना दिवस 25 जनवरी और गौरव दिवस के समापन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि सुबह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति महापौर कप के फाइनल से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। जबकि समापन एक शाम सतना के नाम कार्यक्रम से होगी जिसमें कीर्ति सनाटिया और उनकी टीम द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। महापौर ने बताया कि इस दौरान स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से बने तीन कार्यों का लोकार्पण भी डिप्टी सीएम द्वारा किया जाएगा। 25 को ही निगम की स्मारिका का विमोचन क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता व उप विजेता का सम्मान व शासकीय वाद्य वृंद की प्रस्तुति ज्योति चौधरी व उनकी टीम द्वारा दी जाएगी।

### निगम नहीं, जनता का आयोजन

महापौर ने इस दौरान नगर गौरव दिवस के दो दिवसीय आयोजन में सभी की सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि भले ही दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजक नगर निगम है लेकिन यह कार्यक्रम समूचे नगरवासियों का है। उन्होंने नगर वासियों से इस कार्यक्रम में ब? च? कर भाग लेने और इसे सफल बनाने की अपील की है। सभी मंचीय कार्यक्रम बीटीआई मैदान में होंगे।

# बाइक सवार बदमाशों ने ऑटो चालक पर दागी गोलियां

## रीवा रोड पर कोलगवां थाना के पास हुई वारदात

नवभारत न्यूज

**सतना, 17 जनवरी, कोलगवां थाना से कुछ ही दूरी पर रीवा रोड में मोटर साइकिल से आए बदमाशों ने ऑटो चालक पर गोलियां दागी हैं। गनीमत रही कि ऑटो चालक की जान बच गई। अब पुलिस बदमाशों को तलाशने में जुटी है।**

इस मामले में ऑटो चालक कल्लू केवट उर्फ विद्या सागर निषाद पिता बल्ली प्रसाद निवासी पुरैनिहा कृपालपुर ने बताया कि वह अपने साथी मनीष रजक के साथ ऑटो से कृपालपुर की ओर जा रहा था। तभी अपाचे बाइक सवार तीन युवकों ने ऑटो से गाड़ी टकराई और फिर ऑटो रोकते हुए चाबी निकाल लिया। तीनों धमकी देने लगे कि गाड़ी



सुधरवाने के लिए पैसा देना पड़ेगा। कुछ देर बाद उसी बाइक से चार युवक आए और पिस्टल निकालकर गोलियां चला दीं। बकौल कल्लू, दो गोली उसके पैर में लगी हैं और दो गोली हवाई फायर की गईं। चली गोली में एक कल्लू के मोबाइल फोन पर भी लगी है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां पुलिस ने इलाज के दौरान उसके बयान लेते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# आम लोगों के जीवन को मजाक बनाया : सिद्धार्थ

## काग्रेस ने इंदौर में हुई मौतों के विरोध में किया सत्याग्रह



नवभारत न्यूज

**सतना 17 जनवरी, भागीरथपुरा इंदौर मे दूषित जल पीने से हुई मौतों के विरोध मे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा एवं जिला शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी के नेतृत्व मे धवारी चौराहा पर सत्याग्रह एवं उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम मे सतना विधायक एवं जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा ने कहा की भा जा पा की सरकार मे पुरे प्रदेश मे भ्रष्टाचार चरम पर है आम जनता के जीवन को शासन और प्रशासन ने मजाक बना कर रख दिया है शहर अध्यक्ष श्री सिद्दीकी ने कहा की भा जा पा के राज मे आये दिन जो घटनाये घट रही है ये स्वाभाविक नहीं हैँ चाहे वो छिंदवाड़ा के कफ सिरप से हुई मौतें हो चाहे सतना मे एच आई पॉजिटिव खून चढ़ाने की घटना हो ये शासन और प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है.

कांग्रेस पार्टी के तमाम वक्ताओं ने अपनी बातें रखते हुए ये संकल्प लिया की यदि इन घटनाओ पर रोक थाम नहीं लगायी गयी और दोषियों को सजा नहीं मिली तो कांग्रेस पार्टी देश व्यापी सत्याग्रह करेंगी इ कार्यक्रम मे विशेष रूप से रामभुवन शर्मा, पी डी पटेल,दिलीप मिश्रा, मकसूद अहमद, आनंद शुक्ला जी, रामलखन सिंह, रामशंकर पयासी,लक्ष्मू लाल सतनामी, भागवत सिंह तिवारी, सज्जन सिंह तिवारी, रमेश द्विवेदी, के. के कुशवाहा जी,राम कुमार तिवारी, संजू यादव, पंकज कुशवाहा, सत्रू अवस्थी, के के सिंह, रशीद भाई, तिलकराज सोनी, आशुतोष सिंह,ब्लॉक अध्यक्ष सतेंद्र निगम, संदीप सिंह, शिवशंकर गौटिया, लक्ष्मी त्रिपाठी, राममंनी शुक्ला, विनय सिंह, रोहणी लोधी, मोतीलाल कुशवाहा, महेंद्र सिंह, राघवेंद्र त्रिपाठी, उमेश गर्ग, महिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉली चौरसिया, गीता सिंह, उर्मिला त्रिपाठी, आरती सिंह सीमा बागरी, हेमलता सिंह रानी कुशवाहा, गीता कुशवाहा,साधना सिंह, राजदीप सिंह,संतोष पाण्डेय,पप्पू पाण्डेय, रितेश त्रिपाठी,बी चल यादव निराला,दुर्गेश चौरसिया,राजीव बैरागी, राहुल सिंह,अंकित गुप्ता,शैलेश तिवारी, विक्रांत त्रिपाठी, राजवीर सिंह, तरुण दहायत राहुल सोनी,प्रतीक मिश्रा,प्यूष पटनाहा,प्रदीप समदड़िया, अजीत सिंह,देवराज बागरी, विनोद द्विवेदी, बर्मेंद्र सिंह,जगदीश सेन, सत्यभान सिंह, सिद्धार्थ देव सिंह,बालेस त्रिपाठी, शालू तिवारी,संजय तिवारी रोहित कांत सिंह, ख्रियार अहमद सिद्दीकी,आदित्य प्रताप सिंह, अखिलेश तिवारी, के. पी पाल,सतीश पाण्डेय, रामनरेश विश्वकर्मा, अशोक चक्रवर्ती, नरेश शर्मा,आनंद सेन, जाकिर खान,मोहम्मद अजीम, रजनीश सिंह तिवारी, शशि भूषण शुक्ला, विमलेश सिंह तिवारी, गुंजन चौरसिया, राजेश कुशवाहा, संतोष गेलानी अनमोल पाल, श्यामू शर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए .

# कफ सिरप के खेल में सामने आया पहली बार जस्सा का नाम

## गरीबों के घर में छिपाकर रखता है नशीले प्रतिबंधित पदार्थ

नवभारत न्यूज

**सतना 17 जनवरी, पुलिस ने कुख्यात तस्कर अनूप जायसवाल उर्फ जस्सा के सेफ जोन पर प्रहार किया है। उसी का नतीजा है कि अब तक की सबसे बड़ी नशे की खेप पुलिस के हाथ लगी है। एसडीओपी रघु केसरी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में दो स्थानीय सप्लायर और अपने घर में नशीला कफ सिरप रखने की जगह देने वाली महिला गिरफ्तार हुई है।**

करोड़ों का यह अवैध कारोबार करने वाला जस्सा और उसके हार्ड कोर मेंबर अब भी



पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस इस बात को स्वीकार कर रही है कि जस्सा ने ही इतनी बड़ी मात्रा में अपने प्रभाव के चलते कफ सिरप को गरीब महिला के घर में छिपाया था। पुलिस को शक है कि इलाके में कई और स्थानों पर इसी तरह की खेप हो सकती है, जिसकी तलाश चल रही है।

**यह हैं गिरफ्तार आरोपी-** पुलिस ने कफ सिरप की पेटियों को जब्त कर आरोपी मनीष यादव पिता मानिकलाल यादव (31) निवासी भुरुहुरा थाना उचेहरा, शैलेन्द्र उर्फ टिंकू गुप्ता पिता विमलेश गुप्ता (35) निवासी भुरुहुरा, चौरसिया बाई साकेत पत्नी कैरा साकेत (65) निवासी मड़ई थाना उचेहरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि जिस घर से कफ सिरप मिली वह चौरसिया बाई का है और मनीष व शैलेन्द्र स्थानीय सप्लायर हैं।

तीनों के कब्जे से 120 पेटी नशीली कफ सिरप, दो मोबाईल और 2000 रुपए नकद मिले हैं। कफ सिरप की कीमत 28 लाख रुपए से ज्यादा आंकी गई है।

### इनकी रही अहम भूमिका

एसडीओपी नागौद रघु केसरी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाही में निरीक्षक सतीष मिश्रा, एसआई रामअवतार पटेल, एएसआई संतोष सिंह धुर्वे, देवनारायण उपाध्याय, प्रधान आरक्षक मिथिलेश मिश्रा, भूपेन्द्र सिंह, रामकरण प्रजापति, संजय त्रिपाठी, आरक्षक वीर बहादुर सिंह, संतोष वर्मा, कौशल गुर्जर, अरविन्द शुक्ला, नरेन्द्र पटेल, सम्मर भलावी, रत्नेश रावत, विनोद रावत, गणेश विश्वकर्मा, शिवानी मेहरा, रंजना बहेलिया, प्रधान आरक्षक चालक छोटेलाल, संदीप व नायक अतेन्द्र त्रिपाठी की अहम भूमिका रही।

# माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किए प्रवेश पत्र

**सतना 17 जनवरी,** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकंडरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डी.पी.एस.ई.) परीक्षा वर्ष 2026 के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गये हैं। परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं।

# आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने किया पुतला दहन

नवभारत न्यूज

**सतना 17 जनवरी, भाजपा महिला मोर्चा द्वारा कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया द्वारा महिलाओं को लेकर दिए गए विवादित बयान के विरोध में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने शनिवार को सेमरिया चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया।**

इस दौरान महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता फूल सिंह



बरैया का पुतला दहन किया और जूते-चप्पलों से पिटाई कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस और उसके नेताओं के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। मध्य प्रदेश शासन की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा की स्पष्ट मांग है कि जब तक फूल सिंह बरैया को कांग्रेस पार्टी से निष्कासित नहीं किया जाता और वे सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, तब तक कांग्रेस को सामाजिक न्याय की बात करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। सतना कांग्रेस के भांडेर सीट से विधायक फूल सिंह बरैया के महिलाओं के लिए आपत्तिजनक बयान पर भाजपा के जिलाध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय ने कड़ी आपत्ति जताते हुए नाराजगी जताई है और इसे कांग्रेस के महिला विरोधी चरित्र को उजागर करने वाला बताया है ।

# डिग्री कॉलेज को फिर मिला स्वशासी का दर्जा

नवभारत न्यूज

**सतना 17 जनवरी,विंध्य क्षेत्र के महत्वपूर्ण उच्च शिक्षा केंद्र शासकीय स्वशासी महाविद्यालय सतना को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि कॉलेज को स्वशासी का दर्जा 2025-26 तक बहाल करने के रूप में प्राप्त हुई।स्वशासी दर्जा के इस आदेश की प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (GC) द्वारा दिनांक 29 अगस्त 2025 को आयोजित स्वशासी (ऑटोनॉमी) महाविद्यालयों की स्थायी समिति की बैठक में शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना को स्वशासी (ऑटोनॉमी) की सिफारिश को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) से संबद्ध शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना को प्राप्त स्वशासी का दर्जा शैक्षणिक सत्र 202-22 से 2025-26 तक कुल 5 वर्षों के लिए विस्तारित किया गया है। यह विस्तार तष्ट (कॉलेजों को स्वशासी दर्जा प्रदान करना एवं स्वशासी कॉलेजों में मानकों के रखरखाव के उपाय) विनियम, 2023 के खंड 8.1 के अंतर्गत किया गया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. सी. राय के कुशल नेतृत्व में संभव हो सकी जिसमें अकादमिक नियंत्रक डॉ. ओ. पी. राय, गोपनीय नियंत्रक डॉ. नागेश्वर प्रसाद अग्रवाल, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. इरशाद खान, डॉ. सुयश सिंह एवं ऑटोनॉमस बॉडी के समन्वयक डॉ. विनोद रस्तोगी एवं द्धन्नष्ट समन्वयक डॉ. आर. पी. यादव द्वारा टीम के साथ मिलकर पिछले एक वर्ष से निरंतर, योजनाबद्ध एवं प्रभावी प्रयास किए जा रहे थे, जो आज सफलता में परिवर्तित हुए। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों में उत्साह एवं हर्ष है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. एस. सी. राय द्वारा महाविद्यालय परिसर में मिठाई वितरण कर खुशियाँ साझा की गईं और इस स्वशासी दर्जा विस्तार टीम के सदस्यों बधाई दी गई। यह सफलता न केवल महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक दक्षता एवं संस्थागत प्रतिबद्धता का प्रमाण है, बल्कि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा के लिए भी एक नया कीर्तिमान स्थापित करती है। इस स्वशासी दर्जा विस्तार से महाविद्यालय को एन.आई.आर.एफ. द्वारा कॉलेज की रैंक बढ़ाने में सहयोग प्राप्त होगा।

# कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस 21 को होगी

**सतना 17 जनवरी,** मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में आगामी 21 जनवरी 2026 बुधवार को कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के प्रतिवेदन की समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे से मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल में होगी। कांफ्रेंस में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कांफ्रेंस के बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा होगी। मंत्रालय में होने वाली इस कांफ्रेंस में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित होंगे जबकि कलेक्टर-कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता करेंगे।

# आशा कार्यकर्ताओं के डेढ़ करोड़ लंबित बिल क्लियर

नवभारत न्यूज

**सतना 17 जनवरी, सतना /मैहर जिले में कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा सहयोगियों के लंबित इंसेंटिव भुगतान की प्रतीक्षा अब समाप्त होने वाली है।**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज स्पर्श पोर्टल के माध्यम से लगभग 1.5 करोड़ रुपये के बिल सी एम एचओ कार्यालय की आईडी से सफलतापूर्वक क्लियर कर दिए गए हैं।जानकारी के अनुसार, बिल क्लियर होने के बाद अब ट्रेजरी से



अंतिम पासिंग और संबंधित आशा कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों के बैंक खातों में राशि अंतरण की प्रक्रिया शुरू होगी। इस पूरी प्रक्रिया में सामान्यत: लगभग 15 दिन का समय लगने की संभावना है। इसके बाद आशा बहनों को उनके कई महीनों से लंबित मानदेय/इंसेंटिव की राशि प्राप्त हो जाएगी। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री सावेंद्र सिंह के निरंतर प्रयासों, समन्वय और अथक मेहनत का परिणाम है। दोनों अधिकारियों के मार्गदर्शन में विगत कई महीनों से अटकी हुई भुगतान प्रक्रिया को कल देर शाम तक अंतिम रूप दिया गया।

# मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं के खिलाफ एकजुट संघर्ष का आह्वान

▶ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के शताब्दी वर्ष का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना 17 जनवरी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के शताब्दी वर्ष के अवसर पर अमृत वाटिका, सतना में आयोजित कार्यक्रम में मजदूरों के अधिकार, श्रम नीतियों और ट्रेड यूनियनों की भूमिका पर व्यापक चर्चा की गई।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व कार्यक्रम के मुख्यअतिथि कॉमरेड विद्यासागर गिरी ने



कहा कि किसी भी देश के चरित्र को समझने के लिए उसकी मजदूर नीतियों को देखना चाहिए, लेकिन आज देश की सरकार मजदूरों के हितों के खिलाफ श्रम नीतियां लागू कर रही है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा लागू चारों श्रम संहिताओं को मजदूर विरोधी और कॉरपोरेट परस्त बताते हुए कहा कि ये कानून श्रमिकों के मूल अधिकारों को कमजोर करते हैं। कार्ल मार्क्स का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि श्रम ही सृष्टि का आधार है, लेकिन आज श्रमिक वर्ग को उनके मानवीय अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने मजदूरों से एकजुट होकर इन श्रम संहिताओं का विरोध करने का आह्वान किया।

एटक के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भूतपूर्व प्रदेश सचिव कॉमरेड अरविंद श्रीवास्तव ने कम्युनिस्ट पार्टी के संघर्षपूर्ण इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 26 दिसंबर 1925 को कानपुर में हसरत मोहानी की अध्यक्षता में पार्टी की स्थापना हुई थी।

## एक नजर में



### महापौर ने किया प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण

**सतना,** धवारी कलेक्ट्रेट के पीछे स्थित व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र का महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में युवाओं को दिए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, उपलब्ध संसाधनों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के अवसर पर नगर निगम कमिश्नर शैलेंद्र सिंह , डिप्टी कमिश्नर सत्यम मिश्रा, कार्यपालन यंत्री आर . पी . सिंह जी एवं प्रोजेक्ट इंजीनियर भी उपस्थित रहे।

### एकेएस के पंकज को पीएचडी की उपाधि



**सतना,** ए .के .एस . विश्वविद्यालय सतना के कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट के शोधार्थी पंकज कुमार गौतम को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध विषय सेंटिमेंट एनालिसिस में हाइब्रिड मेथड्स का उपयोग करते हुए क्लासिफिकेशन हेतु प्री-प्रोसेसिंग स्ट्रेटेजीज़ का ऑप्टिमाइज़ेशन रहा।



### एनसीसी ए सर्टिफिकेट की प्रायोगिक परीक्षा आयोजित

**सतना,** 3 एमपी बटालियन ने एनसीसी रीवा आदेशानुसार वेंकट क्रमांक 1 में एनसीसी के 2025 -26 सेशन की ए सर्टिफिकेट की प्रायोगिक परीक्षा संपन्न हुई । जिसमें केंद्र वेंकट क्रमांक एक में पांच स्कूलों का सेंटर था वेंकट क्रमांक 1 वेंकट, क्रमांक 2, एमएलबी ,सेंट माइकल एवं नागौद के एनसीसी कैडेट उपस्थित हुए। प्रायोगिक परीक्षा में ग्राउंड पर ड्रिलवेपन ट्रेनिंग फील्ड क्राफ्ट बैटल क्राफ्ट आदि की परीक्षा ली गई ।इस परीक्षा में बाहर से आए हुए परेड इंस्ट्रक्टर के अलावा वेंकट क्रमांक के एनसीसी अधिकारी फर्स्ट ऑफिसर राकेश त्रिपाठी ,वेंकट क्रमांक 2 से सेकंड ऑफिसर शिवचरण साहू ,एमएलबी से सेकंड ऑफिसर गौरव विश्वकर्मा ,सेंट माइकल से थर्ड ऑफिसर मोहित कपूर, थर्ड ऑफिसर पारुल मौर्य एवं नागौद से थर्ड ऑफिसर आकाश मिश्रा उपस्थित रहे।

### शिशु मन्दिर बस्ती में हिंदू सम्मेलन

**सतना,** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर पूरे भारत में बस्ती सह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं इसी क्रम में शिशु मन्दिर बस्ती द्वारा 9 जनवरी को भूमि पूजन, ध्वज स्थापना का कार्यक्रम उपरांत प्रति दिन मंदिरों में आरती का आयोजन किया जा रहा है. 17 जनवरी शनिवार रात्रि में आदर्श नगर मैन रोड स्थित हनुमान जी मन्दिर में हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रृद्धालू जन उपस्थित रहे. हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति शिशु मन्दिर बस्ती में रविवार को किया गया है .

# राष्ट्रीय सेवा योजना का चंद्राशय में एक दिवसीय सेवा शिविर

नवभारत न्यूज

**सतना 17 जनवरी, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना के प्राचार्य डॉ.एस.सी. राय के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ. क्रांति मिश्रा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक वृद्ध आश्रम का चयन कर चंद्राशय वृद्ध आश्रम में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।**

इस सेवा शिविर का उद्देश्य



वृद्धजनों के प्रति सामाजिक संवेदनशीलता, आत्मीयता एवं सम्मान की भावना को विकसित करना था। शिविर के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा वृद्ध आश्रम परिसर की स्वच्छता, व्यवस्था सुधार एवं सामान्य आवश्यकताओं की पूर्ति से संबंधित कार्य भी किए गए। स्वयंसेवकों ने आश्रम परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा बुजुर्गों की दैनिक आवश्यकताओं को समझते हुए उनके उपयोग की सामग्री को व्यवस्थित किया।

शिविर में स्वयंसेवकों ने वृद्धजनों के लिए स्वयं भोजन तैयार किया और उनके साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। इस दौरान स्वयंसेवकों एवं बुजुर्गों के बीच आत्मीय संवाद स्थापित हुआ, जिसमें बुजुर्गों ने अपने जीवन अनुभव, संघर्ष और स्मृतियाँ साझा कीं। स्वयंसेवकों ने उनके स्वास्थ्य, पारिवारिक स्थिति एवं दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उन्हें मानसिक संबल प्रदान किया।

# ननि की दोहरी नीति बर्दाश्त नहीं : डॉ .अमित

नवभारत न्यूज

**सतना 17 जनवरी,सतना नगर निगम द्वारा दस प्रतिशत टैक्स बढ़ाए जाने को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता डॉ अमित ने आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सतना नगर निगम द्वारा 10प्रति. टैक्स बढ़ाने का निर्णय पूरी तरह जनविरोधी,शोषणकारी और अनैतिक है।**

आम नागरिक पहले से ही महंगाई, बढ़ती बिजली दरों और महंगी शिक्षा के कारण आर्थिक तनाव झेल रहे हैं। ऐसे समय में टैक्स बढ़ाकर जनता पर अतिरिक्त बोझ डालना असंवेदनशीलता की



पराकाष्ठा है। सबसे बड़ा सवाल—जब खुद नेता टैक्स नहीं भरते तो जनता पर बोझ क्यों? महापौर पर 67 लाख रुपये से अधिक का टैक्स बकाया।

पार्षद गोपीचंद गेलानी पर 16 लाख रुपये से अधिक का टैक्स बकाया। डॉ. सिंह ने सवाल उठाया कि वार्ड नंबर 1 से 45 तक स्मार्ट सिटी योजना के तहत 1100 करोड़ रुपये खर्च होने का दावा किया जा रहा है। लेकिन इन वार्डों में जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस है।